हिन्दुस्त

# एमडीआई में वित्तीय शोध बढ़ाने के लिए केंद्र खुला

**गुरुग्राम, कार्यालय संवाददाता।** सिग्नेचर चौक स्थित प्रबंधन विकास संस्थान ( एमडीआई ) में शनिवार को वार्षिक दीक्षांत समारोह हुआ। एमडीआई की बढ़ती राष्ट्रीय और वैश्विक प्रासंगिकता को रेखांकित करने वाले कार्यक्रम में भारत में वित्तीय सेवा केंद्र का औपचारिक अनावरण भी हुआ। जो देश के वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र के भविष्य को आकार देने की एक अग्रणी पहल है।

इस वर्ष 689 छात्रों ने पीजीडीएम, पीजीडीएम-मानव संसाधन प्रबंधन, पीजीडीएम-अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, पीजीडीएम-व्यावसायिक विश्लेषण, पीजीडीएम-ऑनलाइन, पीजीडीएम-व्यावसायिक प्रबंधन, पीजीडीएम-व्यावसायिक प्रशासन, प्रबंधन में फेलो कार्यक्रम और पीजीडीएम-सार्वजनिक नीति और प्रबंधन सहित विभिन्न कार्यक्रमों में स्नातक की उपाधि प्राप्त की। इस कार्यक्रम में वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग के सचिव एम. नागराजू मुख्य अतिथि थे।

उन्होंने कहा कि एमडीआई गुरुगाम लंबे समय से अकादमिक उत्कृष्टता के प्रतीक के रूप में खड़ा है, जो ऐसे नेताओं को जन्म देता है, जो व्यवसाय और समाज में सार्थक योगदान देते हैं। आज के बदलते परिदृश्य में, हमें ऐसे व्यक्तियों की आवश्यकता है, जो अनिश्चितता को समझदारी और ईमानदारी के साथ पार कर सकें। सभी को निरंतर सीखने और सामाजिक जिम्मेदारी की गहरी भावना को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। एमडीआई के निदेशक प्रो. अरविंद सहाय ने स्नातक करने वाले समूह को बधाई दी।